मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है

मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है,
करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है,
मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है।

पतवार के बिना ही, मेरी नाँव चल रही है,
हैरान है जमाना मंजिल भी मिल रही है,
करता नहीं मैं कुछ भी, सब काम हो रहा है,
मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है।

तुम साथ हो जो मेरे, किस चीज की कमी है,
किसी और चीज की अब दरकार ही नहीं है,
तेरे साथ से गुलाम अब गुलफाम हो रहा है,
मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है।

मैं तो नहीं हूँ काबिल, तेरा पार कैसे पाऊं,
टूटी हुयी वाणी से गुणगान कैसे गाऊं,
तेरी प्रेरणा से ही सब यह कमाल हो रहा हैं,
मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है।

मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है,
करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है,
मेरा आपकी दया से सब काम हो रहा है।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23755/title/mera-aapki-daya-se-sab-kaam-ho-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |